पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०

निबंधन संख्या – JKD-01-03-04-Poultry-01, 07/02/2011

वार्षिक प्रतिवेदन

2025 - 26

पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०

Patmada Gramin Poultry Swawlambi Sahakari Samiti Ltd. P.G.P.S.S.S.L

ग्राम : माचा, पो० : बिटरा, पटमदा (पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड)
प्रशासनिक कार्यालय – कांकीडीह (काटिन)
फोन : 0657-2765257 (9973445545)
निबंधन संख्या :- जे० के० डी० 01-03-04 पोल्ट्री ता० 7 फटवरी 2011

परिचय

पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि ० , निबंधन संख्या **JKD - 01-03-04- Poultry - 01 , 07/02/2011** का निबंधन झारखंड स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम **1996** में निबंधक , सहकारी समितिया , झारखंड सरकार के अंतरगत किया गया है । समिति का निबंधित कार्यालय गाँव - माचा , पोस्ट - विररा एवं वर्तमान कार्यालय गाँव- कांकीडीह पोस्ट - कुमीर ,ब्लॉक - पटमदा , जिला- पूर्वी सिंहभुम (झारखंड) है । इस समिति को बनाने का उद्देश्य लघु स्तरीय पोल्ट्री उद्योग के उत्पादकों को उत्पादन हेतु सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है , जिससे यह व्यवसाय लंबे समय तक स्थायी रूप से सदस्यों को फायदा पहुँचाता रहे । इसके अतिरिक्त समिति से यह अपेक्षित है कि वह इस क्षेत्र में नेतृत्व कर पोल्ट्री उद्योग के अवसर को गरीब परिवारों के लिए और अधिक विकसित करें । समिति , उत्पादन सामग्री खरीद एवं वितरण , उत्पादन एवं कार्य कुशलता की निगरानी एवं मुर्गीयों की विक्री हेतु विभिन्न प्रकार के तकनीकी एवं प्रबंधन सहायता उपलब्ध कराती है । समिति द्वारा उपलब्ध इस सहायता ने सदस्यों के उत्पादन एवं लागत कुशलता को बढ़ाया है जिससे उनके हर एक बैच के आय में बढ़ोतरी हुई है । वर्तमान में समिति में पटमदा ब्लॉक के **19** गाँव से **370** सदस्य हैं ।

लक्ष्य

ग्रामीण महिलाओं को सहकारी समिति के सहायता से आजीविका का स्थायी स्रोत उपलब्ध करा कर सशक्त बनाना ।

मिशन

ग्रामीण महिलाओं को सहकारी संस्था के अंतरगत संगठित करना । ग्रामीण महिलाओं को पोल्ट्री व्यवसाय के द्वारा जीविका का एक स्थायी विकल्प उपलब्ध कराना जो बड़े उद्योग के मापदण्ड के अनुरूप हो । सदस्यों को उत्पादन एवं विपणन बाजार के अनिश्चिता से सामना करने के लिए बेहतर प्रबंधन एवं तकनीकी सहायता देना एवं लेन देन के लिए अधिक समर्थ बनाना ।



निर्देशक मंडल			
क्रम संख्या	नाम	गाँव	पद
1	छायालता मांझी	आमलाघुटू	अध्यक्ष
2	शिवानी माहतो	कुमीर	उपाध्यक्ष
3	सुलता मांझी	बनकुचियाँ	सदस्य निदेशक
4	बासन्ती सोरेन	राखडीह	सदस्य निदेशक
5	शान्ती गोप	हुडुमबिल	सदस्य निदेशक
6	मन्जरी मुर्मु	कॉकू	सदस्य निदेशक
7	आरती माण्डी	महुलबना	सदस्य निदेशक
8	शुकुरमणी मुर्मु	धाधकीडीह	सदस्य निदेशक
9	करूणामयी माहतो	काशिडिह	सदस्य निदेशक
10	आरती माहतो	बॉनतोड़िया	सदस्य निदेशक
11	बुधनी हाँसदा	बांसटोला	सदस्य निदेशक



अध्यक्षा भाषण

आदरणीय मुख्य अतिथि महोदय, विशिष्ट अतिथिगण, समिति के पदाधिकारीगण, सभी सदस्य बहनों एवं उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों को मेरा सादर नमस्कार।

मैं, छायलाता माझी, अध्यक्ष, पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, आप सभी का समिति की 14वीं वार्षिक आम सभा में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती हूँ।

हमारी समिति वर्ष 2011 से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को मुर्गी पालन के माध्यम से स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। आज यह हमारे लिए गर्व की बात है कि अनेक महिलाएँ मुर्गी पालन के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं।

वर्ष 2025-26 तक 19 गाँव की 370 सदस्य हमारे साथ जुड़ी है । सभी सदस्यों की मेहनत, ईमानदारी और लगन के कारण समिति के कार्यों में लगातार वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2011-12 में 100 सदस्याओं के साथ मुर्गी पालन शुरू हुआ था और 31.03.2026 तक कुल सदस्याओं की संख्या बढ़कर 370 हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 6,43,16,682/- (छह करोड़ तैंतालीस लाख सोलह हजार छह सौ बयासी रुपये मात्र) का सामान खरीदा है । जिसमें चुजा, दाना, दवाई एवं भुसा शामिल है । 3,96,492 (तीन लाख छियानवे हजार चार सौ बानवे) चुजा पालन कर के कुल 6,85,989 (छह लाख पचासी हजार नौ सौ नवासी) किलो मुर्गी बिक्री किये हैं। जिसका मूल्य 6,87,54,290/- (छह करोड़ सत्तासी लाख चौवन हजार दो सौ नब्बे रुपये मात्र) है । उत्पादन में उतार-चढ़ाव के बावजुद सदस्याओं को 40,97,507 /- (चालीस लाख सत्तानवे हजार पाँच सौ सात रुपयेमात्र)ग्रोवरचार्जमिला।

इन उपलब्धियों के पीछे हमारी सभी सदस्य बहनों, सुपरवाइजरों, समिति के कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मैं सभी को इसके लिए हृदय से धन्यवाद देती हूँ।

मैं सभी सदस्यों से आग्रह करती हूँ कि वे मुर्गी पालन के कार्य को पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से करें तथा समिति के सभी नियमों का पालन करें। समय पर चूजा पालन, सही मात्रा में दाना देना, दवा एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना और मृत्यु दर को कम रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

हमारा उद्देश्य केवल मुर्गी पालन करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए हम सभी को मिलकर समिति के व्यवसाय को और आगे बढ़ाना है।

अंत में, मैं झारखंड महिला स्वावलंबी पोल्ट्री सहकारी संघ लिमिटेड, टेगोर सोसाइटी, फॉर रूरल डेवलपमेंट, एन.एस.पी.डी.टी., बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य सभी सहयोगी संस्थाओं को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूँ।

आप सभी की मेहनत और सहयोग से हमारी समिति आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत एवं सफल बने—इसी शुभकामना के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ।

आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

अध्यक्ष

वर्ष 2026-27 की योजना

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 370 सदस्याओं के साथ मुर्गी पालन किये हैं, इस वर्ष और 50 नया सदस्यों को जोड़ना है ।
- इस वर्ष पुराने 30 सदस्यों का मुर्गी फॉर्म 400 से 700 क्षमता वाले शेड में विस्तार का लक्ष्य रखा गया है।
- अभी तक 165 फॉर्म में सोलर लाईट लग चुका है और बाकी फॉर्म में सोलर लाईट लगाने का लक्ष्य रखा गया हैं।
- सभी फार्म में बाऊन्डरी (आईरन नेट के द्वारा) ।
- सभी प्रकार की प्रशिक्षण को चालू रखना ।
- सदस्यों का उत्पादन और बेहतर हो इसके लिए निरन्तर प्रयास करते रहना ताकि उनको ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके।'
- हमारे समिति में कुल 370 सदस्य है । वर्ष 2025-26 में 221 सक्रिय सदस्य था जो की 2026-27 में 300 सदस्य के साथ मुर्गी पालन करने का लक्ष्य रखा गया है।
- मुर्गी का औसत वजन 2 किलो के ऊपर रखने का लक्ष्य रखा गया है ।
- इस वर्ष 4,50,000 (चार लाख पचास हजार) चुजा प्लेसमेंट का लक्ष्य रखा गया है ।
- मुर्गी का उत्पादन 7,95,000 (सात लाख पंचानवे हजार) किलो करने की योजना है।
- कुल 10,00,00,000/- (दस करोड़ रूपये) का व्यावसाय का लक्ष्य रखा गया है।
- सदस्यों का ग्रोवरचार्ज 60,00,000/- (साठ लाख रूपये) देने का लक्ष्य रखा गया है ।

अभीस्वीकृति :

टैगोर सोसाइटी फॉर रूलर डेवेलपमेंट (TSRD) ।
नेशनल स्मॉल होल्डर पोल्ट्री डेवेलपमेंट ट्रस्ट (NSPDT) |
सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार ।
राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम (NCDC) ।
झारखण्ड राज्य आजीविका प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) ।

संबद्धता :

झारखण्ड महिला स्वावलम्बी पोल्ट्री सहकारी संघ लि०
मकान संख्या - 34/सी, पार्क रोड 1 अशोक नगर रोड नं. 1. रांची 834002 (झारखंड)

PATAMDA GRAMIN POULTRY SAWALAMBI SAHAKARI SAMITI LTD.PATAMDA

BALANCE SHEET AS ON 31ST MAR 2026

Particulars	Schedules	31-Mar-26	31-Mar-25
		Rupees	Rupees
I. EQUITY AND LIABILITIES			
(1) Shareholder's Funds			
(a) Share Capital	1	3,59,500.00	3,57,100.00
(b) Reserves and Surplus	2	(3,24,37,123.50)	(3,27,50,746.03)
(2) Grant & Contribution			
(a) Grant Received	3	25,52,810.00	25,52,810.00
(i) Members Contribution (W.C)	4	30,00,000.00	30,00,000.00
(3) Non-Current Liabilities			
(a) Long-term borrowings	5	66,69,948.00	66,69,948.00
(4) Current Liabilities			
(I) Interest Due to NCDC GOJ and ICDP	6	49,57,677.00	49,57,677.00
(II) Supplier	7	4,15,85,840.87	4,36,89,043.09
(IV) Grower Charges Payable	8	3,46,139.30	2,87,290.00
(V) Provisions & Exp. Payable	9	1,56,905.00	1,84,787.00
TOTAL		**2,71,91,696.67**	**2,89,47,909.06**
II.Assets			
(1) Non-current assets			
(a) Fixed assets			
(i) Gross Block	10	2,14,993.88	2,51,541.23
Add : Purchase of Assets		3,500.00	-
Less : Depreciation		29,703.99	36,546.64
Less : Sale of Assets		24,209.10	-
Net Block		1,64,580.79	2,14,994.59
(b) Non-Current Investments	11	26,68,000.00	22,88,000.00
(c) Long term loans and advances			
(i) Loan to Grower for Shed	12	33,63,663.00	35,51,331.00
(iv) Advance To Grower for Equipment	13	2,15,206.00	2,46,975.00
(v) Advance To Grower for Other	14	4,56,659.30	4,20,599.80
(vi) Advance To member For Shed	15	38,701.00	37,265.00
(d) Other Non-Current Assets	16	9,98,088.55	1,66,789.21
(e) Current assets			
(i) Inventories	17	12,54,200.01	11,96,383.12
(ii) Work in Progress	18	48,50,118.67	42,17,814.71
(iii) Stock of Pullet Unit	18 A	-	3,959.94
(iv) Cash at Bank	19	20,14,407.02	12,24,039.99
(v) Buyer	20	1,11,68,072.03	1,53,79,756.70
TOTAL		**2,71,91,696.37**	**2,89,47,909.06**

For Patamda Grameen Poultry Co-op Society Ltd

As per our report of even date
For RM Associates
Chartered Accountants
FRN-307011C

Samir
ACCOUNTANT

Chhayalata Majhi
MANAGER

PRESIDENT

(CA Md. Muzzaffar Iqbal)
Partner
Membership No.060536

ACCOUNTANT
PGPSSS LTD.
Macha, Patamda, East Singhbhum

प्रभारी
पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
माचा, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड

अध्यक्ष
पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
माचा, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड

पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लि० ★ माचा, पटमदा ★
निबंधन सं०
जे.-
01-0-
पोल्ट्री-1
07-02-11

RM ASSOCIATES
RANCHI
FRN:307011C

PATAMDA GRAMIN POULTRY SAWALAMBI SAHAKARI SAMITI LTD.PATAMDA

PROFIT AND LOSS ACCOUNT

Particulars	Schedules	31-Mar-26 Rupees	31-Mar-25 Rupees
INCOME			
Sales	21	6,88,05,301.90	6,93,11,543.71
Other Income	22	97,635.42	49,072.58
Total		**6,89,02,937.32**	**6,93,60,616.29**
EXPENDITURE			
Cost of Goods Sold			
Material Cost	23	6,28,07,641.12	6,57,67,287.75
Grower Charges	24	40,97,507.00	48,05,149.00
Production Cost	25	10,14,819.00	11,07,726.00
		6,79,19,967.12	7,16,80,162.75
Administrative Expenses	26	6,39,105.00	9,17,456.00
Financial Expenses	27	538.68	6,221.48
Depreciation	10	29,703.99	36,546.64
Total		**6,85,89,314.79**	**7,26,40,386.87**
Excess of Income over Expenditure (EBT)		**3,13,622.53**	**-32,79,770.58**

For Patamda Grameen Poultry Co-op Society Ltd

As per our report of even date
For RM Associates
Chartered Accountants
FRN-307011C

(CA Md. Muzzaffar Iqbal)
Partner
Membership No.060536

Samir
ACCOUNTANT

MANAGER

Chhaya Lata Majhi
PRESIDENT

ACCOUNTANT
PGPSSS LTD.
lacha, Patamda, East Singhbhum

प्रभारी
पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
माचा, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड

अध्यक्ष
पटमदा ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
माचा, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड

R.M.ASSOCIATES
RANCHI
FRN:307011C

संघ के गीत

सपने जोडो बंधन तोडो , अब तो आगे बढ़ना है।
अभी तो थोड़ी दूर चले हैं , आगे बहुत निकलना है।
मिलकर हमने अब अपनी एक पहचान बनायी है।
सपना पूरा होगा एक दिन हम में हिम्मत आई है।
हाथ मिलाओ , साथ मिलाओ , अभी तो आगे बढ़ना है।
अभी तो थोड़ी दूर चले हैं , आगे बहुत निकलना है।
दूर अभी मंजिल बहुत है , और उँची बहुत चढ़ाई है।
एक दिन हम छू लेंगे शिखर हम में हिम्मत आई है।
नारे जोड़ो , चुप्पी तोड़ो अब मुशकिलों से लड़ना है।
अभी तो थोड़ी दूर चले हैं , आगे बहुत निकलना है।

संघ के नारे

हाथों को रोजगार महिलाओं को सम्मान।
यही हमारे संघ की पहचान ।।
गरीब नारियों को जोड़ना है , मुर्गीपालन बढ़ाना है।
हर गाँव को करेंगे आबाद , भारतीय नारी जिन्दाबाद ।।
महिलाओं की है पुकार ।
मुर्गी पालो करो सुधार ।।
बंद करो ये झगड़ा । हमारा मुर्गा सबसे तगड़ा।
महिला शक्ति जगायेंगे । मुर्गी उत्पादन बढ़ायेंगे ।।
मिलकर विकास लायेंगे | सुनहरा भविष्य बनायेंगे।
ये संघ का नारा है । ये संघ हमारा है ।।

